सार-समाचार

विद्यार्थी राज्य स्तर पर प्रस्तुत करेंगे ड्रामा

पिण्डवाडा, (निसं)। समीपवर्ती क्लस्टर लेवल इंग्लिश मॉडल स्कूल झाडोली के विद्यार्थी राज्य स्तर पर ड्रामा की प्रस्तुति देगे। झाडोली स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ने कुंभलगढ़ में आयोजित इंग्लिश ड्रामा कंपटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य श्याम सुंदर व्यास ने बताया कि एक्टिविटी विंग प्रभारी और सामाजिक विज्ञान के वरिष्ठ शिक्षक मुबारक हुसैन के नेतृत्व में मात्र दो दिनों में विद्यार्थियों ने ड्रामा स्क्रिप्ट लिख कर अभ्यास किया था। क्लस्टर स्तर पर 20 मिनट्स के अंग्रेजी ड्रामा में विद्यार्थियों ने अत्यंत सुंदर प्रस्तुतिकरण देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया है। ड्रामा टीम में देवांश सैन, रजत भारद्वाज, निशा सुथार, हिमांशी लखारा, खुशाल सोनी, गौतम भाटी तथा रिया गहलोत सम्मिलित हैं। विद्यार्थियों को वार्षिकोत्सव पर सम्मानित करने की घोषणा करते हुए। प्रधानाचार्य ने विश्वास व्यक्त किया है कि राज्य स्तर पर भी विद्यालय की ड्रामा टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।

जल महत्व जागरूकता सभा आयोजित

बाप, (निसं)। ग्रामीण विकास विज्ञान समिति उप केंद्र बाप की ओर से संचालित हेल्पेज इंटर नेशनल परियोजना के तहत जल का महत्व जागरूकता सभा का आयोजन अणदासर में बुधवार को सम्पन्न हुई। संदर्भ व्यक्ति अखेराज ने उपस्थित समुदाय से कहा कि जल का महत्व हमें समझना होगा। जल प्रकृति की देन है। राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र में औसत से कम वारिश होती है। हमें जल को जीवन का अंग समझना होगा। जल के अपव्यय को रोक कर हम पवित्र कार्य कर सकते है। जल की बर्बादी रुके इसके लिए जागरूकता जरूरी है। आमजन को जल का सदुपयोग करने की अपील की। फील्ड सुपरवाईजर भुराराम पंवार ने कहा कि तालाब, बावडिया हमारी सामलात संपति है उसकी देखभाल हमे करनी है। सभा में शेरखान, रेशम खा, भाई खां, सफी मोहमद, हबीबो, सरादीन, अमरदीन, अमीरदीन, बिस्मिल्लाह, मुबारक, रईस दीन आदि मौजूद रहे।

मतदाता दिवस का आयोजन

पिण्डवाडा, (निसं)। स्थानीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. कन्हैयालाल भाटीया ने छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्तव के विशय में जागत किया एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वोट के मूल्य के बारे में जानकारी दी। साथ ही सहायक प्राचार्य महेन्द्र कुमार वर्मा, सुखदेव देवासी, समेरदान एवं पुरूशोत्त ने भी अवने विचार प्रकट किये एवं सभी छात्र-छात्राओं को शपथ दिलायी।

कैवायमाता मंदिर का वार्षिकोत्सव 2 से

सायला, (निसं)। निकटवर्ती बावतरा स्थित दहिया राजवंश की कुलदेवी कैवायमाता मंदिर का बारहवां वार्षिकोत्सव 2 व 3 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 2 फरवरी को रात्रि भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें वार्षिक चढावें भी बोले जाएंगे। वही 3 फरवरी को अभिजीत मुहूर्त में लाभार्थी परिवार द्वारा अमर ध्वजा चढ़ाई जाएगी। इस मौके महाप्रसादी का आयोजन होगा। साथ ही वार्षिकोत्सव के अवसर पर नाहर ब्लड बैंक भीनमाल द्वारा रक्तदान षिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाजबंधुओं को स्वैच्छिक रक्तदान करने का आग्रह किया है।

पठान फिल्म का विरोध आज

जालोर, (कासं)। शिव सेना जालोर के जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित के नेतृत्व में जालोर के एकमात्र सिनेमा हॉल में रिलीज हुई पठान मूवी का गुरूवार को विरोध प्रदर्शन करेगी। जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि बॉलीवुड फिल्म पठान के निर्माण में कुछ सीन को लेकर शिवसेना ने पहले भी आपत्ति दर्ज करवाई थी, उसके बावजुद भी फिल्म में उन आपत्तिजनक सीन को लेकर कोई कटोती नहीं की गई। इसके चलते शिव सैनिको की भावनाएं आहत हुई है। केसरिया रंग हमारी स्वाभिमान तथा हिन्दु धर्म की आस्था का प्रतीक है। इसके कपडों के उपयोग को लेकर दुरूपयोग किया गया है। इसको लेकर इस फिल्म के विरूद्ध आपत्ति दर्ज करवा रहे है। साथ ही जालोर सिनेमा संचालक को शिव सेना ने सूचित किया की पठान फिल्म का सिनेमा हॉल से प्रदर्शन बन्द किया जायें। अन्यथा गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रथम शो पर शिवसेना कार्यकर्ता सिनेमा हॉल पहुँचकर सिनेमा हॉल को बन्द कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

डॉ.विश्नोई व डॉ.मोदी की टीम ने एक दिन में दो ऑपरेशन किए

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के एपेक्स हॉस्पीटल एण्ड ऑर्थोपेडिक सेंटर जालोर में पदस्थापित हड्डी एवं जोड रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विश्नोई और डॉक्टर विश्वास मोदी की टीम द्वारा एक ही दिन मे दो मरीजों के कुल्हा प्रत्यारोपण का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया है।

अस्पताल के प्रबंध निदेशक गोपाल संदेशा ने बताया कि अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने जालोर निवासी 65 वर्षीय पोनी देवी व सायला निवासी 89 वर्षीय राजाराम के कुल्हा प्रत्यारोपण का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर दोनों के कुल्हे में नए कृत्रिम बाल लगाए हैं।

कुल्हा प्रत्यारोपण का सफल ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर विश्नोई ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से दोनों मरीजों के कुल्हे में अत्यधिक दर्द रहता था। जिस पर एक्स-रे रिपोर्ट में यह बात पता चली कि दोनों मरीजों के कुल्हे में घिसावट हो जाने के कारण दर्द होना शुरू हुआ।

अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं व विशेषज्ञों की बेहतरीन टीम ने कुल्हा प्रत्यारोपण का सफलतापूर्वक ऑपरेशन करते हुए नई बॉल को खुले में प्रत्यारोपित कर मरीज को चिकित्सकीय राहत प्रदान की। डाक्टर विश्नोई ने बताया कि कुल्हे का प्रत्यारोपण एक आर्थोप्लास्टिस शल्य चिकित्सा है। जिसमे रोग ग्रस्त कोर्टिलेज और कुल्हे के जोड की हड्डी को निकालकर उसके स्थान पर नकली जोड लगाया जाता है। जिसे प्रोस्थेसिस कहते है। आमतौर पर मरीज को कुल्हे के प्रत्यारोपण की सिफारिश तब की जाती है, जब उसके कूल्हे के जोड घिस जाते है या क्षतिग्रस्त हो जाते है कि उनकी वजह से उसके चलने फिरने मे असुविधा होती है तथा साथ ही बहुत तेज दर्द होता है। तब सामान्य तौर पर चिकित्सक के परामर्श से ली गई दर्द निवारक दवाओं या फिजिकल थेरेपी से दूर नहीं होता है। तब हिप रिप्लेसमेंट या कुल्हा प्रत्यारोपण की सलाह दी जाती है। कुल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी के दौरान कुल्हे के सामने या उसके बाजू में एक चीरा लगाते हैं।

बीमार या क्षतिग्रस्त कुल्हे को निकालकर उसके स्थान पर एक कृत्रिम जोड लगा दिया जाता है। आमतौर पर कुल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी में लगभग 60 से 90 मिनट का समय लगता है। एपेक्स हॉस्पिटल एण्ड ऑर्थोपेडिक सेंटर जालौर में हड्डी एवं जोड रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विश्वास मोदी ने बताया कि एपेक्स हॉस्पीटल एण्ड ऑर्थोपेडिक सेंटर पश्चिमी राजस्थान के बेहतरीन अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण अस्पतालों में शुमार है। इसमें घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण के साथ-साथ कमर, गर्दन व घुटने का दर्द, रीड की हड्डी का ऑपरेशन, कुल्हे की जांच एवं सर्जरी, गांठिया वादी रोग, आनुवांशिक रोगों का इलाज, फ्लोराइड से प्रभावित हड्डियों, हाथों एवं पैरो मे जन्मजात सूनापन एवं टेडापन, इलिजारों सर्जरी द्वारा हड्डियों को लम्बा करना, नए एवं पुराने बिगडे हुए फ्रेक्चर का सफल इलाज यहां किया जाता है।

मेले का समापन

जोधपुर, (नि.सं.)। श्री यादे माता मंदिर झालामंड जोधपुर में आयोजित हो रहे आठ दिवसीय भागवत कथा योग्य और विशाल मेले का समापन समारोह श्रीयादे माता मंदिर झालामंड में आयोजित हुआ। इस अवसर पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रोफेसर वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित थे।

प्रोफेसर प्रजापति ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि नशा मुक्त और स्वस्थ समाज की स्थापना उत्तम राष्ट्र निर्माण की सबसे पहली सीढी है। यदि मनुष्य स्वस्थ होगा तो वह देश के निर्माण में पूर्ण मनोयोग से अपना योगदान दे पाने में सक्षम होगा। उन्होंने समापन समारोह के अवसर पर उपस्थित जनसमूह में वरिष्ठजनों का आव्हान करते हुए कहा कि वे नई पीढी को नशे से बचाने और नियमित योगक्रियाएं एवं भारतीय परंपराओं के अनुसार आदर्श जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित करते हुए स्वस्थ समाज बनाने में सक्रिय सहयोग करें।

ज्ञातव्य है कि कुलपति प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से 17 से 24 जनवरी 2023 तक श्री यादे माता धाम झालामंड, जोधपुर में आयोजित मेले में आने वाली जनता हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर शिविर लगा कर निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं निशुल्क औषध वितरण की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई।

शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकार में भी रहे आगे : हर्षुल अग्रवाल

रेवदर, (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हाथल व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेलवाडा में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन कांग्रेस जिला प्रवक्ता हर्षुल अग्रवाल के मुख्यातिथ्य, जिला क्रीडा परिषद सदस्य एवं उपसरपंच डूंगरसिंह सेरवा की अध्यक्षता व सरपंच पदमाराम के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

वार्षिकोत्सव समारोह को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिला प्रवक्ता हर्षुल अग्रवाल ने कहा कि इंसान के जीवन को किस ओर लेकर जाना है, इसका पहला पायदान विद्यालय होता है। विद्यार्थी को शिक्षा के साथ साथ सामाजिक सरोकार से जुड़े रहने की भावना व सीख विद्यालय से ही मिलती है और राजकीय विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजनों से विद्यार्थी के जीवन में ऐसे भाव बनते है।

प्रवक्ता हर्षुल अग्रवाल ने ऐसे आयोजनों को लेकर राज्य सरकार की सकारात्मक पहल का गुणगान करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में प्रदेश में ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का आयोजन करवाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों की आमजनता की प्रतिभाओं को राज्य स्तर पर एक पहचान देने का काम किया है। समारोह को संबोधित करते हुए जिला क्रीडा परिषद सदस्य एवं उपसरपंच डूंगरसिंह सेरवा ने शिक्षा से जुड़कर रहने व क्षेत्र, समाज व परिवार का नाम रोशन करने का आ ान किया। प्रधानाचार्य तुहीराम वैष्णव, संस्थाप्रधान बद्रीप्रसाद ने भी विद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राज्य स्तर पर ओलम्पिक में भाग लेने वाले तीन छात्र छात्राओं को कांग्रेस जिला प्रवक्ता हर्षुल अग्रवाल ने नकद परितोषित प्रदान किया।

इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष मोटाराम, जेठाराम चौधरी, प्रेमाराम चौधरी, स्वरूपसिंह, रावताराम कोली समेत सैकड़ो गणमान्य नागरिक व स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

मतदाता दिवस मनाया

जालोर, (कासं)। नर्सिंग छात्र संगठन जालोर ने बुधवार को संस्कार एजुकेशन सभा घर जालोर में मतदान दिवस मनाया गया।

जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेघवाल ने बताया कि छात्रों के बीच जो देश के युवा है। उनकी मतदान के प्रति सजगता को लेकर विचार विमर्श किये गये। जिसमे मतदान के महत्व को लेकर प्रत्येक व्यक्ति वो चाहे आर्थिक रूप से, राजनीतिक रूप से या सामाजिक रूप में खुद को कई भी देख सकता है। लेकिन उनके सभी के वोट की कीमत समान होती है, हर वोट का अपना महत्व होता है। हमे किसी भी हाल में वोट देने जाना चाहिए।इस अवसर पर जिलाउपाध्यक्ष जीतू गर्ग, जिला महासचिव सतीश मालवीय, जिलासचिव भरत देवपाल, आहोर ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंघल, दिलीप गर्ग सहित उपस्थित थे।

समारोह का हुआ आयोजन

रेवदर, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दोलपुरा में मंगलवार को वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण एवं भामाशाह सम्मान समारोह-शुभम् का भव्य आयोजन ग्राम पंचायत दोलपुरा सरपंच सुशीला देवी के मुख्य आतिथ्य, प्रधानाचार्य जसवंत सिंह की अध्यक्षता में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ विद्यालय प्रांगण में सम्पन हुआ।

सार-समाचार

भामाशाह ने माइक सेट दिया

गुड़ामालानी, (निसं)। विद्यालयों में आयोजित होने वाले कार्य मों में हर समय माइक सेट की जरूरत होती रहती है। ऐसे में भामाशाह टीकाराम पटेल के द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं पैराडॉक्स इंग्लिश मीडियम विद्यालय में माइक सेट भेंट किए। व्याख्याता वेहनाराम सोनगरा ने बताया कि भामाशाह टिकमाराम पटेल जो भामाशाह होने के साथ समाजसेवी भी है। हर समय समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। भामाशाह टीकाराम पटेल का विद्यालय के प्रधानाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधानाचार्य नारायणदास स्वामी ने कहा कि दान हर कोई नहीं कर सकता है। अच्छे कर्मो होने से दान दिया जाता है। माईक सेंट भेट करने के दौरान प्रधानाचार्य नारायणदास स्वामी,नगर विधालय प्रधानाचार्य देदाराम पांरगी, व्याख्याता वेहनाराम सोनगरा,पीटीआई मोहनलाल गोयल, किशोर चौधरी,कमलेश पटेल,एम डी गणपतलाल,सांवलाराम,मोतीराम सहित विद्यालयों के स्टाफ एवं छात्र उपस्थित रहे।

आदर्श विद्या मंदिर में मनाई बसंत पंचमी

जालोर, (कासं)। आदर्श विद्या मंदिर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर में बुधवार को बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती माता के मूर्ति की स्थापना यज्ञ व मंत्र उच्चारण के साथ की गई। यज्ञ का शुभारंभ पंडित अशोक - दिलीप द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी विद्यालय के अभिभावक सूजा राम सोलंकी, कमलेश सोलंकी, जिला सचिव अजय कुमार, प्रधानाचार्य बीना शर्मा द्वारा यज्ञ की पूर्णाहुति दी गई। मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार गर्ग ने बताया कि बसंत पंचमी का दिन सरस्वती माता का सबसे बड़ा दिन है। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में प्रीति नागर, मंजू परमार, विशनाराम, सुनीता गुप्ता, मयंक, स्नेहा आदि उपस्थित रहे।

पांच प्रतिष्ठानों को किया सीज

जोधपुर, (कासं)। बकाया नगरीय विकास कर जमा नहीं कराने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को नगर निगम उत्तर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सीज किया है। आयुक्त अतुल प्रकाश ने बताया कि नगर निगम उत्तर की ओर से बकायेदारों को लगातार नोटिस जारी किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद भी कई बकायेदार नोटिस की पालना नहीं कर रहे हैं। कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भी नगरीय विकास कर जमा नहीं कराने पर राजस्व अधिकारी रणवीर देथा की टीम ने बुधवार को नई सड़क क्षेत्र में स्थित 5 प्रतिष्ठानों को सीज करने की कार्रवाई की है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वह समय पर बकाया नगरीय विकास कर जमा करें ताकि किसी प्रकार की असुविधा ना हो। आयुक्त उत्तर अतुल प्रकाश से बताया कि नगरीय विकास कर नही भरने वालों के खिलाफ यह अभियान सतत रूप से जारी रहेगा।

मेट कार्मिक से मारपीट

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटतर्वी बनाड़ स्थित जाजीवाल खिचिंयान गांव में मेट कार्मिक से मारपीट करने और राजकार्य में बाधा डालने का केस दर्ज हुआ है। इस बारे में बनाड़ पुलिस ने नामजद लोगों के खिलाफ जांच आरंभ की है। बनाड़ पुलिस ने बताया कि जाजीवाल खिंचियान के नरेगा मेट चेतन जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 23 जनवरी को वह नरेगा कार्य पर ड्यूटी कर रहा था। तब श्रवणराम पुत्र जींयाराम माचरा और उसके आधा दर्जन साथी आए और उसके साथ गाली गलोच और मारपीट कर सरकारी नरेगा का मस्टरोल को फाड़ कर सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाया।

जेडीए में मनाएंगे गणतंत्र दिवस

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 26 जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। संभागीय आयुक्त एवं अध्यक्ष, जोविप्रा कैलाश चन्द मीणा द्वारा जेडीए कार्यालय भवन में आज प्रात: 8:00 बजे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। झण्डारोहण के पश्चात् तिरंगे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान होगा। इस अवसर पर प्राधिकरण के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को मिष्ठान वितरित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के समारोह के अवसर पर प्राधिकरण अभियन्ताओं द्वारा कार्यालय भवन व कार्यक्रम स्थल की सफाई करवाकर रंगरोगन व सुंदर रंगोली से सुसज्जित किया जाकर कार्यालय भवन को रोशनी से जगमग किया गया है।

सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत जयपुर पहुंचे

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत जयपुर प्रांत के पांच दिवसीय प्रवास पर बुधवार रात जयपुर पहुंचे और 29 जनवरी तक रहेंगे।

जयपुर प्रांत के प्रांत संघचालक महेन्द्र सिंह मग्गो ने बताया कि डॉक्टर भागवत 26 जनवरी को केशव विद्यापीठ जामडोली में विद्यालय के गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे और प्रात:ध्वाजारोहण करेंगे।

इसी दिन दोपहर में संघ प्रमुख कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में कार्यकर्ता सपरिवार उपस्थित रहेंगे। 27 जनवरी को वे जयपुर के संघ कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे।

इसी प्रकार 28 व 29 जनवरी को भी संघ के विभिन्न स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठकों में शामिल होंगे। इस दौरान संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर भी चर्चा करेंगे।

बैठकों में समाज सशक्तिकरण की

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत जयपुर प्रांत के पांच दिवसीय प्रवास पर बुधवार रात जयपुर पहुंचे।

दिशा में चलने वाली गतिविधियों यथा कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता और पर्यावरण पर भी मंथन होगा।

उल्लेखनीय है कि सरसंघचालक का यह नियमित प्रवास है, जो दो वर्ष में एक बार प्रत्येक प्रांत में होता है।

पिछले वर्ष चित्तौड़ प्रांत के उदयपुर में सरसंघचालक का प्रवास हुआ था। देशभर में संघ के 45 प्रांत है, इसी प्रकार राजस्थान क्षेत्र में जयपुर, चित्तौड़ और जोधपुर प्रांत है। प्रवास के क्रम में प्रांत को वर्ष में एक बार सरसंघचालक और दूसरी बार सरकार्यवाह का प्रवास मिलता है। इस दौरान समाज सशक्तिकरण की दिशा में चल रहे विभिन्न कार्यों पर चर्चा होगी।

चिरंजीवी योजना का किया बहिष्कार

जालोर, (कासं)। सम्पूर्ण राजस्थान में मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना का कार्य बहिष्कार कर जिला कलेक्टर जालोर निशांत जैन को ज्ञापन सौपा। प्रदेश अध्यक्ष हितेश राठौड ने बताया कि पिछले एक वर्ष से यूनियन द्वारा हमारी मांगो के सम्बन्ध में ज्ञापन के माध्यम शान्ति पूर्ण तरीके से सरकार तक और विभाग तक हमारी मांग पहुंचाई गई , फिर भी सरकार द्वारा चिरंजीवी में कार्यरत कार्मिको के हित में कोई फेसला नही लिया गया। वही वर्तमान में विभिन्न योजनाओं में कार्यरत संविन्दा कार्मिको के नियमतिकरण के क्रम में आरसीएचसीपी 2022 लागू किया गया। लेकिन सरकार एवं विभाग द्वारा स्वास्थ्य मार्ग दर्शकों को इसमें भी शामिल नही किया गया। जिसके विरोध में प्रदेश यूनियन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जब तक विभाग द्वारा चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में कार्यरत स्वास्थ्य मार्गदर्शको की संविदा एक्ट 2022 में शामिल करने से समन्धित मांग पूरी नही की जाती है, तब तक राजस्थान के समस्त जिलो में सरकारी अस्पतालो एवं मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत स्वास्थ्य मार्गदर्शक 27 जनवरी से चिरंजीवी का कार्य बहिष्कार करेंगे।

आज से शुरू होगा कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान

जयपुर, (का.प्र.)। भारत जोड़ो यात्रा के फॉलोअप प्रोग्राम के रूप में 26 जनवरी से चलाए जाने वाले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के जरिए कांग्रेस देश के 6 लाख गांव, 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और 10 लाख मतदान बूथों में ब्लॉक अध्यक्षों और अन्य नेताओं की सहायता से केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ चार्जशीट बांटेगी।

भ्रष्ट जुमला पार्टी नाम से तैयार की गई चार्जशीट को कांग्रेस जनता के बीच लेकर पहुंचेगी, जिसमें सूट-बूट की लूट के तहत देश के 10 प्रतिशत अमीरों के पास देश की 64 प्रतिशत और 50 प्रतिशत आबादी के पास 6 प्रतिशत संपत्ति होना, किसानों की कर्ज माफी नहीं होकर अरबपतियों को 72 हजार करोड़ की कर्ज माफी, खास मित्रों को 30 प्रतिशत बंदरगाह, एयरपोर्ट, बिजली उत्पादन और कोयले की खदान देना समेत कई बिंदु शामिल हैं।

इसके अलावा मोदी की छवि चमकाने पर टैक्स पेयर का 10 हजार करोड़ का प्रचार पर खर्चा, 90 प्रतिशत गुप्त इलेक्टोरल बांड से भाजपा की सरकारी हफ्ता वसूली, पार्टी भाई-भतीजा जनता पार्टी बनी, जिसमें

- केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ तैयार की गई चार्जशीट को घर-घर पहुंचाएगी कांग्रेस

राजनीतिक घरानों के 20 मंत्री, 14 एमपी और 31 एमएलए शामिल हैं। इसके साथ ही रोजगार, भुखमरी समेत कई बिंदु इस चार्जशीट में रखे गए हैं। कांग्रेस इसी चार्जशीट में केंद्र सरकार को चीन के मामले में भी घेरते दिखाई देगी, जिसमें उन्होंने साफ लिखा है कि भारत की 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर चीन का कब्जा है। वहीं, हंगर इंडेक्स में पाकिस्तान से भी नीचे है।

राजस्थान में भी 26 जनवरी से कांग्रेस की ओर से हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। इस अभियान के जरिए राजस्थान में कांग्रेस कार्यकर्ता हर ब्लॉक पर हर मतदान बूथ तक पहुंचेंगे। इस अभियान के जरिए कांग्रेस पार्टी की ओर से आम जनता को घर-घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों की चार्जशीट, राहुल गांधी का आम जनता के लिए संदेश, राजस्थान सरकार के जनता के लिए किए गए कामों की सीट के साथ ही हर घर में राहुल गांधी की तस्वीर लगा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का स्टिकर लगेगा।

इस अभियान के लिए राजस्थान के प्रभारी बनाए गए आरसी खूंटियां भी अभियान के लिए जयपुर पहुंचेंगे, जो 26 जनवरी को अजमेर, 27 को भीलवाड़ा, 28 को चित्तौड़गढ़, 29 को उदयपुर और 30 जनवरी को राजसमंद में कार्यकर्ताओं के साथ हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा 27 जनवरी को अजमेर संभाग के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और आम जनता संवाद करेंगे। अगले दिन 28 जनवरी को राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा जयपुर संभाग के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। राजधानी जयपुर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत कांग्रेस नेता अर्चना शर्मा दोपहर 12:30 बजे मोती डूंगरी मंदिर से करेंगी।

गणतंत्र दिवस समारोह आज

जोधपुर, (कासं)। देशभर में गुरूवार को 74वां गणतंत्र पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जोधपुर में भी गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पर्व का मुख्य समारोह राजकीय उम्मेद स्टेडियम में आयोजित होगा। सुबह जिला प्रभारी मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ध्वाजारोहण करेंगे। वे आज शाम तक जोधपुर पहुंचेंग और रात्रि विश्राम यहां पर करेंगे। गुरूवार की सुबह 9.05 बजे उम्मेद स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह में शरीक होंगे। स्टेडियम को सुरक्षा घेरे में लिया गया है। ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगाई गई है। अन्यथा पुलिस कार्रवाई कर सकती है।

गुरूवार को शहर में होने वाले 74वें गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर स्कूलों में भी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। स्कूलों में इस अवसर पर सुबह के समय ध्वजारोहण समारोह होने के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इसके अलावा निजी प्रतिष्ठानों में झंडा फहराया जाएगा। रेलवे स्टेडियम में जोधपुर रेल मंडल की प्रबंधक गीतिका पांडेय की तरफ से ध्वजारोहण किया जाएगा।

होमगार्ड कल्याण कोष की राशि अन्य मदों में खर्च नहीं हो : हाईकोर्ट

जयपुर। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अंतरिम आदेश देते हुए कहा है कि प्रकरण के निस्तारण तक होमगार्ड कल्याण कोष में जमा राशि का उपयोग होमगार्ड के लिए ही किया जाए। इसके अलावा यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी पैसा अन्य गतिविधियों में खर्च नहीं हो। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश होमगार्ड समन्वय समिति की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी हजारों होमगार्ड के वेतन से प्रतिवर्ष राशि लेकर होमगार्ड कल्याण कोष बनाया गया है।

इसमें होमगार्ड और उसके परिवार के कल्याण के लिए दैनिक वेतन से दस फीसदी राशि का संग्रहण किया जाता है, लेकिन इस फंड की कोई ऑडिट नहीं की जाती। इस कोष में करोड़ों रुपए की राशि जमा हो चुकी है। वहीं होमगार्ड से जुडे आलाधिकारी भी नाममात्र का अंशदान कर इस फंड के सदस्य बन जाते हैं। वहीं फंड में जमा धनराशि का उपयोग होमगार्ड कल्याण के बजाए विभाग में फर्नीचर खरीद, कार पार्किंग के शेड निर्माण, और गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों आदि पर खर्च किया जा रहा है।

इस राशि को होमगार्ड के प्रोविडेंट फंड में हस्तांतरित करने के लिए बाध्य होने के बावजूद भी सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं भविष्य निधि विभाग भी मान चुका है कि इसके लिए पिछले एक दशक से राज्य सरकार से पत्राचार किया जा रहा है। याचिका में कहा गया कि पीएफ में राशि जमा नहीं कराने पर दंड का प्रावधान है, लेकिन सरकार की ओर से यह राशि जमा नहीं कराई जा रही है। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने कहा है कि याचिका के लंबित रहने के दौरान इस कोष में जमा राशि का अन्य उपयोग नहीं किया जाए।

पानी चोरी

जोधपुर, (कासं)। जलदाय विभाग की पानी की पाइप लाईन तोडक़र पानी चोरी करने का मुकदमा सहायक अभियंता ने फलौदी थाने में दर्ज कराया। फलौदी पुलिस ने बताया कि पीएचईडी फलौदी में तैनात सहायक अभियंता रामनिवास विश्नोई की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि खारा शिमला राहडा कला एका क्षेत्र में रहने वाले अनोपाराम पुत्र बीरबलराम विश्नोई, फारूख खां पुत्र सराद्दीन खां, अमराराम मेघवाल पुत्र बालाराम आदि ने जलदाय पाइप लाईन को क्षतिग्रस्त किया।

अवैध डोडा-पोस्त एवं अफीम बरामद

जोधपुर, (कासं)। जिले की ग्रामीण पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 206 किलो अवैध डोडा-पोस्त के साथ 1.100 किलोग्राम अफीम भी जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण अनिल कयाल ने बताया अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, तस्कर, फरार अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत जिला विषेष टीम जोधपुर ग्रामीण ने थाना ओसियां के साथ संयुक्त कार्यवाही में 206.3 किग्रा अवैध डोडा पोस्त एवं 1.100 अफीम, इलेक्ट्रोनिक पिसाई मशीन, दो इलेक्ट्रोनिक कांटे बरामद कर नेवरा रोड मथानिया हाल भैरूसागर गणेश कॉलोनी के मनीष पुत्र मांगीलाल जाट को गिरफ्तार किया है।

जिला विषेष टीम ग्रामीण के चिमनाराम हैडकांस्टेबल को मूखबिर से सूचना मिली कि मनीष पुत्र मांगीलाल जाट का मकान ओसियां थाना क्षेत्र में गणेश कॉलोनी में बना हुआ है। मकान के पास में ही प्लॉट में टीन शेड छपरा बना हुआ है। जिसमें भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त एवं अफीम रखी हुई है। डोडा पोस्त का चक्की से पीसकर स्थानीय तस्करों का सप्लाई करता है। पुख्ता सूचना पर जिला विशेष टीम प्रभारी एसआई लाखाराम, एएसआई देवाराम विश्नोई ,हैडकांस्टेबल श्रवण भंवरिया, चिमनाराम, प्रदीप ने थानाधिकारी ओसियां सुरेश चौधरी मय जाब्ता को मौके पर बुलाया। मनीष के कब्जे से 171.1 किग्रा डोडा पोस्त, 34.500 किग्रा पिसा हुआ डोडा पोस्त पाउडर (कुल 206.3 किग्रा अवैध डोडा पोस्त) एवं 1.100 अफीम, इलेक्ट्रोनिक पिसाई मशीन, दो इलेक्ट्रोनिक कांटें एवं प्लाटिक की थैलियों से भरा एक कट्टा बरामद कर गिरफ्तार कर लिया।

जालोर में गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में 78 व्यक्ति होंगे सम्मानित

जालोर, (कासं)। गणतंत्र दिवस समारोह-2023 का मुख्य समारोह शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर में गुरूवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। मुख्य समारोह में राज्यमंत्री श्रम, कारखाना एवं बॉयलर्स विभाग सुखराम विश्नोई द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा जिसमें जिले में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए 78 व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, रानीवाडा उपखण्ड अधिकारी कुसुमलता चौहान, आहोर उपखण्ड अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, सांचोर तहसीलदार रामस्वरूप जौहर, चितलवाना के विकास अधिकारी मूलेन्द्र सिंह राठौड, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक योगेश कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक अशोक विश्नोई, जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी वेदप्रकाश आशिया, जिला रोजगार अधिकारी आनन्द कुमार सुथार, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) मोहनलाल परिहार, स्काउट सीओ एम.आर.वर्मा, समग्र शिक्षा के पीईईओ चन्द्रपाल विश्नोई, नोरवा पीईईओ सुरेन्द्र पाल सिंह राजपुरोहित, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक प्रोग्रामर सुभाष बैंधा, विद्युत विभाग के सहायक लेखाधिकारी उत्तम कुमार चौधरी, कोष कार्यालय की सहायक लेखाधिकारी द्वितीय योगिता चौहान, वॉटरशेड के सहायक लेखाधिकारी द्वितीय डॉ. महिपाल सिंह, रोडवेज के सहायक लेखाधिकारी द्वितीय ओम लीलावत को उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया जायेगा।